हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
23 अप्रैल 2026, समय 18:10

- केन्द्र सरकार ने कहा, पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न स्थिति में,वह नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है ।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा, कि नई औद्योगक नीति में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम, डिजाइन एण्ड मैन्युफैक्चरिंग कॉम्पनियों को विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे।
- सुजुकी मोटर भविषय में हरियाणा के अंदर और निवेश करेगी ,खरखौदा सयंत्र में “स्ट्रॉंग हाइब्रिड” गाड़ियों का निर्माण होगा।
- अंबाला शहर नगर निगम चुनाव के लिए कॉंग्रेस की महापौर पद की प्रत्याशी कुलविंदर कौर ने नामांकन भरा।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में देश विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।

*********************************************************************

केंद्र सरकार ने आज कहा कि वह पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न हो रही स्थिति में नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

नई दिल्ली में अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की सचिव सुजाता शर्मा ने कहा कि देश भर में घरेलू एलपीजी आपूर्ति सामान्य बनी हुई है।

सुश्री शर्मा ने रेखांकित किया कि वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति लगभग 70 प्रतिशत है और अप्रैल में अब तक 14 लाख टन से अधिक वाणिज्यिक एलपीजी वितरित की जा चुकी है। उन्होंने यह भी बताया कि तेल विपणन कंपनियों द्वारा आयोजित शिविरों के माध्यम से लगभग 5-किलो के 12 लाख सिलेंडर बेचे गए हैं।

बंदरगाह, जहाजरानी एवं जलमार्ग मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव मुकेश मंगल ने बताया कि पिछले 24 घंटों में विदेशी ध्वज वाले जहाजों पर गोलीबारी की घटनाएं सामने आईं हैं, लेकिन किसी भी भारतीय जहाज पर गोलीबारी नहीं हुई। उन्होंने आश्वासन दिया कि उन जहाजों में यात्रा कर रहे भारतीय नाविक सुरक्षित हैं।

*********************************************************************

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज नई दिल्ली में नई औद्योगिक नीति के संबंध में उद्योगपतियों के साथ संवाद किया। बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह भी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार राज्य को इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिज़ाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग, आईटी, एनिमेशन, विज़ुअल इफ़ेक्ट, गेमिंग सेक्टर का वैश्विक हब बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। सरकार ऐसी औद्योगिक नीति तैयार कर रही है, जो इन उभरते क्षेत्रों में निवेश के लिए अत्यंत आकर्षक होगी और बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन, नवाचार और अत्याधुनिक तकनीकी विकास को गति देगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई नीति में इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम डिज़ाइन एंड मैन्युफैक्चरिंग कंपनियों को विशेष प्रोत्साहन दिए जाएंगे। इसमें पूजिगत सब्सिडी, कर लाभ, कौशल विकास समर्थन और ईज ऑफ डूइंग बिज़नेस जैसे प्रावधान शामिल किए जाएंगे, ताकि उद्योगों को स्थापित करने और विस्तार करने में किसी प्रकार की बाधा न आए।

माइक्रोसॉफ्ट से संदीप अरोड़ा ने युवाओं को भविष्य की उभरती तकनीकों के अनुरूप सक्षम बनाने के उद्देश्य से माइक्रोसॉफ्ट के साथ स्कूलों, औद्योगिक प्रशिक्षन संस्थानों और अन्य शिक्षण संस्थानों में कृत्रिम मेधा आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने पर चर्चा की। इस पहल के तहत छात्रों को शुरुआती स्तर से ही एआई, मशीन लर्निंग और डेटा एनालिटिक्स जैसी आधुनिक स्किल्स से युक्त किया जाएगा, ताकि वे वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित कर सकें।

*************************************************************************

सुजुकी मोटर भविष्य में भी हरियाणा के अंदर और निवेश करेगी। सुजुकी मोटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी तोशीहिरो सुजुकी ने आज मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने के साथ नई दिल्ली में हुई मुलाकात के दौरान यह वायदा किया।

श्री तोशीहिरो ने कहा कि हरियाणा के खरखौदा सयन्त्र में सुजुकी स्ट्रॉग हाईब्रिड गाड़ियों का निर्माण करेगी। इसके उत्पादन और बिक्री में कोई दिक्कत न आए, इसके लिए उन्होंने हरियाणा सरकार से सहयोग मांगा। मुख्यमंत्री ने उन्हें पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।

श्री तोशीहिरो सुजुकी ने मुख्यमंत्री से नई औद्योगिक नीति में स्ट्रॉग हाईब्रिड और सीएनजी गाड़ियों के संबंध में भी कोई प्रावधान किए जाने का आग्रह किया।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि जापान और हरियाणा के बीच सांस्कृतिक सहयोग के लिए जून महीने में जापान में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव आयोजित किया जाएगा। उन्होंने श्री तोशीहिरो सुजुकी को 20 जून को टोक्यो विश्वविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार में विशिष्ट अतिथि के रूप में आने का न्यौता भी दिया।

*************************************************************************

भाजपा की वरिष्ठ नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन तथा पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता नेहा धवन ने महिला आरक्षण के लिए संविधान संशोधन विधेयक के लोकसभा में पारित न होने देने के लिए विपक्षी दलों और कांग्रेस की भूमिका की आलोचना की। जींद में एक संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने इसे महिलाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया।

श्रीमती कविता जैन ने कहा कि देश की 70 करोड़ महिलाओं को इस विशेष सत्र से बड़ी उम्मीदें थीं। उन्होंने कहा कि बिल गिरने के बाद कांग्रेस, तृणमूल, सपा और डीएमके के नेताओं ने मेजें थपथपाकर जो खुशियाँ मनाएं, वह देश की आधी आबादी का तिरस्कार है।

*********************************************************************

अंबाला शहर नगर निगम चुनाव के लिए आज कांग्रेस की महापौर पद की प्रत्याशी कुलविंदर कौर ने नामांकन भरा। इस दौरान हरियाणा कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, सांसद दीपेंद्र हुड्डा व अंबाला लोकसभा सांसद वरुण चौधरी सहित कई बड़े कांग्रेस नेता मौजूद रहे। इस दौरान कांग्रेस ने रैली के जरिए अपना शक्ति प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर कांग्रेस में टिकट न मिलने से नाराज उम्मीदवारों के आजाद प्रत्याशी के तौर पर नामांकन भरने के सवाल पर दीपेंद्र हुड्डा ने कहा उन्हें मनाया जाएगा।

*********************************************************************

पंचकूला   नगर निगम आम चुनावों के लिए नामांकन प्रक्रिया के तीसरे दिन आज एक उम्मीदवार ने वार्ड सदस्य के लिए नामांकन भरा।

रिटर्निंग अधिकारी  संयम गर्ग ने बताया कि  राजेश कुमार ने वार्ड नंबर 10 से आजाद उम्मीदवार के तौर पर अपना नामांकन दाखिल किया। सयंम गर्ग ने बताया कि आज के नामांकन के  उपरांत नामांकन करने वाले उम्मीदवारों की कुल संख्या 5 हो गई है, जिनमें 3 पुरूष और 2 महिला उम्मीदवार शामिल है।

महापौर और वार्ड सदस्यों के लिए नामांकन पत्र 25 अप्रैल तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक भरे जाएंगे ।

*********************************************************************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार 26 अप्रैल को सवेरे 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मन की बात कार्यक्रम की 133वीं कडी होगी। इसका प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी इसका सीधा प्रसारण होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसे प्रसारित किया जाएगा।

**********************************************************************

हरियाणा सरकार द्वारा संचालित हैप्पी कार्ड योजना के अंतर्गत पलवल जिला में 20 हज़ार लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड वितरित करने का कार्य शुरू कर दिया गया है । आज बस डीपो पलवल में कई लाभार्थियों को हैप्पी कार्ड प्रदान किए गए। डिपो में कार्ड वितरण प्रभारी अतुल पांडे ने बताया ।

**********************************************************************

कैथल के शिक्षा विभाग कार्यालय और जिला प्रशासन द्वारा राजकीय विद्यालयों के शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से मैथ पजल बुकलेट तैयार की गई है। इसका उद्देश्य गणित जैसे कठिन विषय के विद्यार्थियों के लिए रोचक बनाना है । इसके अलावा इंटरनेशनल मैथ ओलंपियाड की पुस्तक भी तैयार की जा रही है ।

आज शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस किताब को उपायुक्त अपराजिता को भेंट किया और दोनों किताबों को तैयार करने में अपना योगदान देने वाले 21 शिक्षकों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपायुक्त अपराजिता ने शिक्षकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि यह बुकलेट विद्यार्थियों में गणित के प्रति डर को दूर कर उन्हें विषय के प्रति प्रेरित करेगी।

**********************************************************************

पलवल की ग्राम पंचायत गुदराना के आंगनबाड़ी केंद्र पर भी पोषण पखवाड़ा तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया , जिसमें जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने ग्रामीणों को पोषण, स्वचछता और जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया।

जल एवं स्वचछता सहायक संगठन पलवल की जिला सलाहकार कुसुम जांगड़ा ने ग्रामीणों को स्वस्थ जीवन के लिए संतुलित आहार के साथ साथ स्वचछ और सुरक्षित पेयजल के महत्व से अवगत करवाया।

**********************************************************************